चण्डीगढ़। हरियाणा के स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि खेल विभाग में कोचों की कमी को पूरा करने के लिए शीघ्र ही 600 कोच भर्ती किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि नियमित भर्ती प्रक्रिया में समय लगेगा और तब तक एडहॉक कोचों की भर्ती होगी।

एमटीपी दवाईयों पर तुरंत प्रतिबंध

मंत्री ने बताया कि ऑनलाईन मंगवाई जा रही प्रेग्रेंसी टैस्ट और एमटीपी दवाईयों पर तुरंत प्रतिबंध लगाने के लिए अभी तक विभाग के पास कोई प्रावधान नही है। इस मामले में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस गैर कानूनी प्रचलन को रोकने के लिए कोई माध्यम तलाश करें।

196 करोड़ रूपये की परियोजना

विज ने कहा कि नगर निगम, अम्बाला के सदर क्षेत्र और निगम में सभी गांवों व कालोनियों के हर घर तक सीवरेज और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए 196 करोड़ रूपये की परियोजना केन्द्र सरकार को भेजी गई थी जो शीघ्र स्वीकृत हो जायेगी। उन्होंने बताया कि 16 गांवो और 63 कालोनियों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 37 करोड़ 67 लाख रूपये की परियोजना लागू की जा रही है।

सस्ती परिवहन सुविधा

उन्होंने यह भी कहा कि शहरों में पहले की तर्ज पर लोकल बस सर्विस शुरू की जायेगी और इसके लिए वे शीघ्र ही परिवहन मंत्री से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के पास वाहन नहीं है इसलिए जनता को सस्ती और शीघ्र परिवहन सुविधा के लिए शहर में परिवहन विभाग द्वारा मिनी बसें चलाई जायेंगी।

मां और बच्चे का डीएनए टैस्ट करवाने के आदेश

कैथल जिला से आई कमलेश ने बताया कि उसने कैथल के नागरिक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था और वहां के स्टाफ ने बच्चे को बदल दिया। नवजात बच्चे के स्थान उन्हें 6-7 दिन का बच्चा दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में शिकायत के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले की जांच के साथ-साथ मां और बच्चे का डीएनए टैस्ट करवाने के भी आदेश दिये।